PWD Uttarakhand

# कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
## सातवाँ वृत्त, लोक निर्माण विभाग
## गोपेश्वर

Ph.No./Fax No – 01372-252173 E-Mail – sepwdgope@rediffmail.com

पत्रांक : 2584 / 437 यातायात – 07 / 2014, दिनॉकः– 10 –07–2014

सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लो॰नि॰वि॰,
गोपेश्वर।

विषय : राज्य योजनान्तर्गत जनपद चमोली के विकासखण्ड दशोली में बछेरधार से बछेर गांव तक मोटर मार्ग नव निर्माण कार्य का संरेखण प्रस्ताव (लम्बाई 4.00 कि॰मी॰)।

सन्दर्भ : आपका पत्रांक 3865 / 16 सी॰ दिनॉक 30.06.2014।

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र द्वारा प्राप्त संरेखण प्रस्ताव आपकी संस्तुति एवं आख्या के आधार पर संरेखण नं॰ 1 जो कन्टूर प्लान में लाल रंग से प्रदर्शित किया गया है, 4.00 कि॰मी॰ लम्बाई हेतु अनुमोदित कर एक प्रति में संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।

संलग्न : संरेखण प्रस्ताव एक प्रति में।

अधीक्षण अभियन्ता,
सातवॉ वृत्त, लो॰नि॰वि॰,
गोपेश्वर

प्रतिलिपि – कनिष्ठ अभियन्ता (प्रा॰) वृत्तीय कार्यालय को उक्त प्रस्ताव की प्रति सहित अभिलेख हेतु प्रेषित।

संलग्न : उपरोक्तानुसार।

अधीक्षण अभियन्ता,
सातवॉ वृत्त, लो॰नि॰वि॰,
गोपेश्वर

# संरेखण आख्या

**कार्य का नामः—** राज्य योजनान्तर्गत जनपद चमोली के विकासखण्ड दशोली में बछेरधार से बछेर गांव तक 4.00 किमी॰ लम्बाई में मोटर मार्ग निर्माण का संरेखण प्रस्ताव।

**मार्ग की स्वीकृतिः—** शासनादेश सं॰ 1971 (1)/ III(2)/13—55 (प्रा0आ0)/2012 दि॰ 14.03.2013

**स्वीकृत लम्बाई :—** 4.00 किमी॰
संरेखण की लम्बाई – 3.00 किमी
**लागत :—** ₹ 50.32 लाख।

**संरेखण की उपयोगिताः—** विकासखण्ड दशोली में बछेर गांव को सर्वऋतु मोटर मार्ग से जोड़ने हेतु कुल 4.00 किमी॰ मोटर मार्ग की आवश्यकता है, जिसके तहत पोखरी—गोपेश्वर मोटर मार्ग के बछेरधार नामक स्थान से बछेर गांव हेतु 4.00 किमी॰ लम्बाई में प्रथम निर्माण हेतु शासनादेश सं॰ 1971 (1) / III(2)/13—55 (प्रा0आ0)/2012 दि॰ 14.03.2013 द्वारा रु॰ 50.32 लाख की स्वीकृति (छाया प्रति संलग्न) प्रदान की गयी है।

यह संरेखण करने से पूर्व ग्रामवासियों की बैठक कर सर्वेक्षण चयनित स्थानों से पूर्ण किया गया। इस संरेखण प्रस्ताव में मार्ग का ग्रेड पूर्ण लम्बाई में 1:20 रखा गया है एवं इसमें 3 एच.पी. बैण्ड पड़ते है परन्तु इनसे मार्ग के स्थायित्व को कोई खतरा नहीं है, मार्ग का भू—वैज्ञानिक द्वारा भी दि॰ 11.3.2014 को निरीक्षण किया जा चुका है तथा इस पर उनकी भी सहमति है (छाया प्रति संलग्न)। इस संरेखण में कोई विवाद नहीं है एवं इससे मार्ग की लम्बाई भी 4.00 किमी॰ आती है, जिसमें कि 2.03 किमी॰ मार्ग नापभूमि एवं शेष 1 किमी॰ मोटर मार्ग वनभूमि से गुजरता है। प्रथम संरेखण कन्टूर प्लान में हरे रंग से दर्षाया गया है एवं संरेखण नं॰ 2 को लाल रंग से दर्षाया गया है।

प्रस्तावित मार्ग का संरेखण इस प्रकार तय किया गया है कि न्यूनतम वन भूमि एवं कम से कम वृक्ष पड़ें। प्रस्तावित संरेखण पर कोई मंदिर, मस्जिद एवं धार्मिक स्थल नहीं पड़ते हैं एवं संरेखण का निरीक्षण भूगर्भवेत्ता द्वारा किया जा चुका है, इस संरेखण के अतिरिक्त अन्य कोई वैकल्पिक संरेखण उक्त बिन्दुओं को परिपूर्ण नहीं करता है।

**संरेखण का विवरणः—** बछेरधार से 4.00 किमी॰ लम्बाई में बछेर गांव को जोड़ने हेतु इस मोटर मार्ग के नव निर्माण हेतु सर्वे ऑफ इण्डिया के कन्टूर, मानचित्र पर प्रस्तावित समरेखण क्रमशः लाल एवं हरे रंग से दर्शाया गया हैं। जिसमें लाल रंग प्रस्तावित संरेखण से क्षेत्र की जनता सन्तुष्ट है तथा तुलनात्मक विवरण के अनुसार प्रस्तावित संरेखण (1) ही उचित है।
अतः प्रस्तावित संरेखण जो कि लाल रंग से अंकित है, संस्तुति सहित अनुमोदन हेतु प्रेषित है।
H.P बैण्ड एक-दूसरे के समान्तर नहीं है, तथा सम्प्रेक्षण [illegible] H.Bend हेतु [illegible]

कनिष्ठ अभियन्ता
प्रांतीय खण्ड, लो.नि.वि.,
गोपेश्वर

सहायक अभियन्ता
प्रांतीय खण्ड, लो.नि.वि.,
गोपेश्वर

अधिशासी अभियन्ता
प्रांतीय खण्ड, लो.नि.वि.,
गोपेश्वर

**New Alingment Praroop**

## तुलनात्मक विवरण

| क्र.सं. | मद का नाम | समरेखंण (1) लाल रंग में | समरेखंण (2) हरा रंग में |
|---|---|---|---|
| 1. | मुख्य विशेषताऐं एवं विवरण | पोखरी–गोपेश्वर मोटर मार्ग के बछेरधार नामक स्थान से बछेर गांव तक 4.00 किमी॰ लम्बाई में मोटर मार्ग नव निर्माण करने हेतु संरेखण गठित किया गया है। जिसमें ग्राम बछेर की सहमति प्राप्त है। | समरेखण नं॰ 1 के अनुसार |
| 2. | प्रस्तावित दृष्टिकोण से समरेंखण की लम्बांई | 4.00 किमी॰ | 4.00 किमी॰ |
| 3. | वर्तमान यातायात के साधन | पैदल मार्ग | पैदल मार्ग |
| 4. | भूमि<br>(अ) सिविल भूमि<br>(ब) कृषि योग्य भूमि<br>1. सिंचित<br>2. असिंचित | <br>शून्य<br><br>शून्य<br>2 किमी॰ | <br>शून्य<br><br>शून्य<br>1 किमी॰ |
| 5. | सूर्य प्रकाशित भूभाग | शून्य | शून्य |
| 6. | भूस्खलन | शून्य | शून्य |
| 7. | भूमि | मिटटी, पत्थर, कठोर चट्टान आदि | मिटटी, पत्थर आदि |
| 8. | वनस्पति | पैड़ पौधे | पैड़ पौधे |
| 9. | मार्ग का ढाल | 1:20 R एवं 1:40 R | 1:10 R एवं 1:40 R |
| 10. | अनुप्रस्थ ढाल–1. सामान्य ढाल<br>2. तीव्र ढाल | ~~40~~ 30 से ~~60~~ 40 तक<br>~~20~~ 40 से ~~40~~ 60 तक | 50 से 70 तक<br>30 से 50 तक |
| 11. | भू–भाग 1. कठोर चट्टान<br>2. कोमल चट्टान | 2 किमी॰<br>1 किमी॰ | 3 किमी॰<br>– किमी॰ |
| 12. | अस्थिर भूमि की लम्बाई | शून्य | शून्य |
| 13. | साधन 1. लकड़ी<br>2. पत्थर<br>3. मजदूर | स्थानीय उपलब्धता<br>स्थानीय उपलब्धता<br>स्थानीय उपलब्धता | स्थानीय उपलब्धता<br>स्थानीय उपलब्धता<br>स्थानीय उपलब्धता |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 14. | पानी का निकास<br>(अ) छोटे पुल संख्या व विस्तार<br>(ब) बडे पुल संख्या व विस्तार | शून्य | शून्य |
| 15. | वर्षा एवं जलवायु की दशा | मार्ग मात्र ग्रीष्म ऋतु योग्य रहेगा। ठंडी जलवायु | समरेखण नं. 1 अनुसार |
| 16. | लाभांविन्त ग्रामों की संख्या<br>(अ) प्रत्यक्ष रुप से<br>(ब) अप्रत्यक्ष रुप से | ग्राम का नाम कोड सं. जनसंख्या एस.सी.<br>बछेर | — |
| 17. | वर्तमान मार्ग से प्रस्तावित मार्ग का सम्बन्ध | यह संरेखण पोखरी–गोपेश्वर मोटर मार्ग के बछेरधार नामक स्थान से बछेर गांव तक 4.00 किमी. लम्बाई में मोटर मार्ग नव निर्माण करने हेतु संरेखण गठित किया गया है। जिसमें ग्राम बछेर की सहमति प्राप्त है। जिससे इस गांव की जनता को यातायात की सुविधा उपलब्ध होगी। | समरेखण नं. 1 अनुसार<br>समरेखण नं. 1 अनुसार |
| 18. | सामरिक महत्व | | |
| 19 | हेयर पिन बैण्ड | — | — |
| 20 | कृषि एवं फल की दृष्टि से महत्व | 3 नं.<br>क्षेत्र की मुख्य पैदावार जैसे आलू, दाल, सब्जी आदि का ढुलान स्थानीय बाजार में आसानी से पहुँचने के कारण बाजार की सुविधा मिलेगी। | 4 नं.<br>समरेखण नं. 1 अनुसार |
| 21. | वन सम्पदा का उपयोग | जड़ी बूटी एवं अन्य वन सम्पदा का संरक्षण हो सकेगा। | समरेखण नं. 1 अनुसार |
| 22. | खनिज सम्पदाओं का उपयोग। | खनिज सम्पदाओं का पता लगाने में मदद मिलेगी तथा खनिज का निर्यात होने से क्षेत्रीय जनता को लाभ मिलेगा। | समरेखण नं. 1 अनुसार |
| 23. | लाभ व हानि | 1. कठोर चट्टान कम लम्बाई में पड़ेंगी।<br>2. ग्राम वासियों के मकानों को कोई क्षति नहीं होगी।<br>3. तकनीकी दृष्टि से यह संरेखण उपयोगी हैं।<br>4. इस संरेखण में एच.पी. बैंड पड़ेगे।<br>5. इस सरेखण से ग्रामवासी भी पूर्ण रूप से सहमत हैं।<br>6. इस संरेखण पर मार्ग का निर्माण मितव्ययी होगा तथा छोटे विस्तार के पुलियाओं का निर्माण किया जाना है। | 1. कठोर चट्टानें कम लम्बाई में पड़ेगी।<br>2. ग्राम वासियों के खेतों की क्षति होने की सम्भावना है, साथ ही उक्त संरेखण में वृक्षों की संख्या भी अधिक आ रही है। क्षतिग्रस्त सम्पतियों के लिए अधिक मुआवाजा देने की प्रबल स्थिति बनी हुई है।<br>3. तकनीकी दृष्टि से यह संरेखण उपयोगी नहीं हैं।<br>3. इस संरेखण में एच.पी. बैंड पड़ेगे।<br>4. नाप भूमि अधिक पड़ने की सम्भावना के कारण तथा इस संरेखण की लम्बाई |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | अपेक्षाकृत अधिक होने के कारण निर्माण में अधिक लागत के व्यय होने से उपयोगी नहीं है।<br>5. अधिक लम्बाई होने के कारण तथा ग्रामीणों के अधिक खेतों के आने से ग्रामवासी कतई सहमत नहीं हैं। |

कनिष्ठ अभियन्ता
प्रांतीय खण्ड, लो.नि.वि.,
गोपेश्वर

सहायक अभियन्ता
प्रांतीय खण्ड, लो.नि.वि.,
गोपेश्वर

अधिशासी अभियन्ता
प्रांतीय खण्ड, लो.नि.वि.,
गोपेश्वर